हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम- दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)-491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्रमांक 1629 / परीक्षा / 2023 दुर्ग, दिनांक 05/04/2023

प्रति,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त परीक्षा केन्द्र / उपकेन्द्र,
वार्षिक परीक्षा 2023
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त परीक्षार्थियों की ''पर्यावरण अध्ययन'' की परीक्षा ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक से सम्पन्न कराये जाने विषयक।

संदर्भः– विश्वविद्यालय के अधिसूचना क्र. 4823 / अका. / 2022 दुर्ग, दिनांक 05.05.2022।

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2022–23 से स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त परीक्षार्थियों की **''पर्यावरण अध्ययन''** की परीक्षा ओ.एम.आर. शीट आधारित उत्तर पत्रक पर ली जावेगी। ओ.एम.आर. शीट विश्वविद्यालय की ओर से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों / उपकेन्द्रों को प्रेषित की जा रही है। ओ.एम.आर. शीट के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्र. 1630 / परीक्षा / 2023 दुर्ग, दिनांक 05/04/2023

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजसहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

ओ.एम.आर. आधारित स्नातक प्रथम वर्ष की "पर्यावरण अध्ययन" की परीक्षा हेतु आवश्यक दिशा– निर्देश

1. ओ.एम.आर. शीट का उपयोग केवल स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त परीक्षार्थियों की पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा हेतु किया जाना है।

2. स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त परीक्षार्थियों की पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा पुराने पद्धति से ही आयोजित की जावेगी।

3. ओ.एम.आर. शीट वितरण करने के पश्चात समस्त परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाए कि वे ओ.एम.आर. शीट को अत्यधिक सावधानी पूर्वक ही भरेंगे।

4. ओ.एम.आर. शीट किसी भी स्थिति में बदली नहीं जायेगी। अतः प्रत्येक परीक्षार्थी को वितरण के समय ही निर्देशित किया जाये।

5. विशेष परिस्थिति में केवल वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष की अनुमति से ही ओ.एम.आर. शीट परिवर्तन की अनुमति होगी।

6. संबंधित परीक्षा केन्द्र में दर्ज छात्रसंख्या के आधार पर ओ.एम.आर. शीट का वितरण विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।

7. ओ.एम.आर. शीट में केवल काले या नीले बाल प्वाइंट पेन का उपयोग करना होगा।

8. परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक, परीक्षा केन्द्र क्रमांक और कक्षा को काला/नीला करेंगे क्योंकि यह जानकारी उत्तर पत्रक के मूल्यांकन के लिए आवश्यक है।

9. परीक्षार्थी वृत्त को अच्छी तरह काला करेंगे जिससे कि वृत्त में लिखा नम्बर/अक्षर दिखाई न दे।

10. एक प्रश्न के लिए केवल एक ही वृत्त को काला करें। एक से अधिक वृत्त को काला करने पर आपका उत्तर गलत माना जाएगा।

सही विधि
Correct Method

गलत विधि
Wrong Method



11.उत्तर में फेरबदल नहीं किया जा सकता है, न ही करैक्टिंग फलयूड का उपयोग करना है।

12.उत्तर पत्रक को न ही मोड़ें न ही कोई निशान इस पर लगाएँ।

13.रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर करें, उत्तर पत्रक पर नहीं।

14.वीक्षक परीक्षार्थियों द्वारा की गई सभी प्रविष्टियाँ की जाँच उपरान्त ही हस्ताक्षर करेंगे।